डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

14 अप्रैल 2026

मंगलवार




बक्सर में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था कड़ी निगरानी में कालाबाजारी पर सख्ती– 979 शिकायतों में 907 का निपटारा

2



## एक नजर

### आईपीएल : लगातार चार जीत के बाद हारी राजस्थान

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 19वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को पहली हार मिली। राजीव गांधी स्टेडियम में टीम को सनराइजर्स हैदराबाद ने 57 रन से हरा दिया। एसआरएच से टूर्नामेंट डेब्यू करने उतरे पेसर प्रफुल्ल हिंग और साकिब हुसैन ने 4-4 विकेट लिए। वहीं कप्तान ईशान किशन ने फिफ्टी लगाई। सोमवार को एसआरएच ने बॉलिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 216 रन बनाए। ईशान ने 91 और हेनरिक क्लासन ने 40 रन बनाए। फ्रा से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। मेहमान टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। डोनोवन फरेरा ने 69 और रवींद्र जडेजा ने 45 रन बनाकर सेंचुरी पार्टनरशिप की। एसआरएच के लिए ईशान मलिंगा ने भी 2 विकेट लिए। प्रफुल्ल ने पारी की शुरूआत की और पहले ही ओवर में 3 विकेट झटक लिए। वे आईपीएल डेब्यू के पहले ही ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले प्लेयर बने। उन्होंने 34 रन देकर 4 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

### इस साल मानसून कमजोर रहेगा, अल-नीनो के कारण देरी संभव

**नई दिल्ली।** देश में इस साल सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक, 2026 में मानसून सीजन में देश में करीब 80 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर देश में औसत बारिश 87 सेंटीमीटर मानी जाती है। आईएमडी ने पिछले आठ साल में पहली बार मानसून के सामान्य से कम रहने की बात कही है। लद्दाख, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के मध्य हिस्सों, दक्षिण ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आईएमडी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. एम. मोहापात्रा ने कहा कि इस साल देश में कुल बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलनीए) का करीब 92% रहने का अनुमान है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 15 भारतीय जहाज, सुरक्षित वापसी के लिए सरकार सक्रिय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता टूटने के बाद पश्चिम एशिया में हालात और बिगड़ गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य में बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने होर्मुज में फंसे भारतीय जहाजों को लेकर अहम अपडेट दिया है। पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि होर्मुज में भारत के 15 जहाज फंसे हुए हैं। जिन्हें निकालने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि मंत्रालय विदेश मंत्रालय (एमईए) के साथ समन्वय स्थापित कर होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूद 15 भारतीय ध्वज और स्वामित्व वाले जहाजों को वापस लाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहा है। इस मार्ग से नौकायन संभव होते ही इन जहाजों को सुरक्षित वापस लाया जाएगा।केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले या भारतीयों से जुड़े किसी भी जहाज से संबंधित कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

**'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्रा :** एक बड़ी राहत के रूप में, भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत 'जग विक्रम' 11 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जहाज 20,400 मीट्रिक टन गैस और 24 नाविकों के साथ 14 अप्रैल को कांडला बंदरगाह पहुंचेगा।

### भारतीय जहाजों को होर्मुज पार करने में मदद करेगा ईरान

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली ने सोमवार को कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर भारत के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं और हम भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने में मदद करना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले भारतीय टैंकरों से कोई टोल नहीं लिया है। दूतावास में प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने पत्रकारों से कहा, आप भारतीय सरकार से पूछ सकते हैं कि क्या हमने अब तक कोई शुल्क लिया है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि ईरान और भारत के हित और भविष्य एक जैसे हैं।

## शाह बोले- टीएमसी ने बंगाल के 5000 करोड़ गायब किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो बच्चियां रात 1 बजे भी बाहर निकल पाएंगी। टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कैश फॉर क्वेरी, 26 हजार शिक्षकों की भर्ती, गाय तस्करी और पीएम आवास में टीएमसी ने घोटाले किए। इन घोटालों में बंगाल की जनता के 5000 करोड़ रुपए गायब हो गए। हमारी सरकार बनते ही हम टीएमसी से पाई-पाई का हिसाब लेंगे। टीएमसी (समान नागरिक संहिता) पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम बंगाल में यूसीसी लाएंगे। आज बंगाल में कुछ लोग चार शादियां करते हैं, हमारे कानून बनने के बाद वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने इरन्न की फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दी। हमारी सरकार बनते ही बीएसएफ को राज्य की सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन दे दी जाएगी।

### पीएम मोदी और राष्ट्रपति ने भी जताया दुख

# हादसों का सोमवार : मुंबई-राजस्थान और गुजरात में 21 लोगों की मौत



■ **वैन में क्षमता से लगभग दोगुने यात्री सवार थे**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के ठाणे और गुजरात के सुरेंद्रनगर में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 18 लोगों की जान चली गई। इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी हर संभव मदद सुनिश्चित करने की बात कही।वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गयो दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रायता ब्रिज के पास एक ओवरलोडेड वैन और ट्रांजिट मिक्सर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई। वैन में क्षमता से लगभग दोगुने यात्री सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और सभी यात्री उसमें फंस गए। मृतकों में आठ पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं, जबकि दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया।

### गुजरात में दर्दनाक हादसा

गुजरात के सुरेंद्रनगर में एक और दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब करीब 700 श्रद्धालु बहुचराजी मंदिर की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार 3 युवकों को

उदयपुर-नाथद्वारा नेशनल हाईवे पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे वे उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा शाम करीब 5:30 बजे चीरवा टनल से पहले हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रेलर अनियंत्रित होकर आगे जाकर पलट गया। ट्रेलर में भरे कट्टे सड़क पर बिखर गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलने पर सुखेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रेलर को हटाकर यातायात सुचारू कराया। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि तीनों मृतकों के शव एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। फिलहाल उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेलर की गति काफी तेज थी और उसने बाइक को पीछे से टक्कर मारी। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

## कोयला घोटाला केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई आई-पैक के सह-संस्थापक विनेश चंदेल गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के चर्चित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है. जांच एजेंसी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के निदेशक और सह-संस्थापक विनेश चंदेल को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में पहले भी कई ठिकानों पर छापेमारी हो चुकी है और जांच लगातार आगे बढ़ रही है. अधिकारियों के मुताबिक, विनेश चंदेल को दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया. ईडी ने यह कार्रवाई सोमवार को की. इससे पहले ईडी ने 2 अप्रैल को दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में कई जगहों पर छापेमारी की थी. दिल्ली में चंदेल के ठिकानों के अलावा, बेंगलुरु में आई-पैक के एक अन्य सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह के परिसर और मुंबई में आम आदमी पार्टी के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर के ठिकानों पर भी रेड डाली गई थी. ईडी ने इससे पहले 8 जनवरी को इस मामले में आई-पैक के कार्यालय और इसके संस्थापक व निदेशक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी. उस दौरान मामला तब चर्चा में आ गया था, जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गई थीं. ईडी की यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की नवंबर 2020 में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है. इस एफआईआर में पश्चिम बंगाल के आसनसोल और आसपास के कुनुस्तोरिया और काजोरा क्षेत्रों में स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से जुड़े करोड़ों रुपये के

## बिहार में गंगा घाट पर हादसा : युवती को बचाने के चक्कर में 6 लोग डूबे, चार को लोगों ने बचाया, दो अब भी लापता

**एजेंसी। पटना**

बिहार के वैशाली में बड़ा हादसा हुआ है। रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी में रविवार सुबह नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, एक युवती को डूबने से बचाने की कोशिश में छह लोग नदी की तेज धारा में फंस गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो लोग लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सभी परिजन तुरंत रुस्तमपुर घाट पहुंच गए। स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद रुस्तमपुर थाना पुलिस और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की दो टीमों ने पूरे दिन गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन रविवार शाम तक लापता युवक-युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। सोमवार सुबह से फिर से खोजबीन शुरू करने की बात कही गई है। लापता दोनों की पहचान पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के पवेरा निवासी अरविंद शर्मा के पुत्र निशांत कुमार और दीदारगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी सुधीर शर्मा की पुत्री मानती कुमारी के रूप में हुई है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई-बहन बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, रविवार को परिवार के सात सदस्य स्नान के लिए रुस्तमपुर कच्ची दरगाह घाट पहुंचे थे। इसी दौरान मानती कुमारी गहरे पानी में डूबने लगीं, जिन्हें बचाने के प्रयास में अन्य लोग भी नदी में उतर गए और सभी डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने चार को बचा लिया, लेकिन निशांत और मानती तेज बहाव में बह गए। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, एसडीआरएफ टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।







# देवालयों से उठी पहल : गौरैयों की वापसी के लिए गौरैया कुंज अभियान शुरू

- विश्व गौरैया दिवस से पहले रुद्रसागर सेवा संस्थान की पहल, शहर में बढ़ेगी पक्षी संरक्षण की जागरूकता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

तेजी से घटती गौरैयों की संख्या को लेकर चिंतित समाज के बीच अब सकारात्मक पहलें भी सामने आने लगी हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में रुद्रसागर सेवा संस्थान, खिरौली ने नगर में ह्लगौरैया कुंजह्व अभियान की शुरूआत कर एक सराहनीय कदम उठाया है। इस अभियान के तहत नगर के प्रमुख देवालयों में गौरैयों के लिए सुरक्षित बसेरा तैयार किया जा रहा है, ताकि इन नन्हें परिंदों की चहचहाहट एक बार फिर शहर के वातावरण में गूंज सके। अभियान की शुरूआत बाबा जंगली नाथ महादेव मंदिर से की गई, जिसके बाद नगर पंचित काली मंदिर समेत अन्य कई धार्मिक स्थलों पर भी गौरैया कुंज स्थापित किए गए। इन कुंजों को इस तरह तैयार किया गया है कि गौरैया आसानी से यहां घोंसला बना सकें और सुरक्षित वातावरण में रह सकें। संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और कंक्रीट के जंगलों के कारण गौरैयों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। ऐसे में यह पहल न केवल इनके संरक्षण की दिशा में एक प्रयास है, बल्कि आम लोगों को भी जागरूक करने का माध्यम बनेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से प्रेरित होकर लोग अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी गौरैयों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेंगे। संस्थान के संस्थापक सदस्य एवं समाजसेवी राजीव रंजन सिंह ने कहा कि गौरैया हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा रही है। इनके संरक्षण से न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रकृति के इस अनमोल पक्षी से परिचित होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अगले चरण में नगर के विभिन्न विद्यालयों में भी गौरैया कुंज लगाए जाएंगे, ताकि बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। गौरतलब है कि हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गौरैयों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर संस्थान के कई सदस्य और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे और इस पहल को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम

# बक्सर में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था कड़ी निगरानी में कालाबाजारी पर सख्ती—979 शिकायतों में 907 का निपटारा



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार के अनुसार, जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां शामिल हैं।

कंपनीवार घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। इंडियन ऑयल के 2,02,360, भारत पेट्रोलियम के 57,517 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90,668 उपभोक्ता जिले में पंजीकृत हैं। 13 मार्च से 12 अप्रैल के बीच कुल 1,55,691 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 12 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 3,325 सिलेंडर का भंडार उपलब्ध है।

जिले में प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि प्रतिदिन औसतन 5,630 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 22,433 गैस रिफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग चार दिनों का बैकलॉग बना हुआ है।

प्रशासन ने गैस वितरण को संतुलित बनाए रखने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता अपने अंतिम सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिनों बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकेंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है।

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही वरीय अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा लगातार एजेंसियों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। अब तक कालाबाजारी के दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

15 अप्रैल को जिले में 15 गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। 12 अप्रैल तक यहां कुल 979 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 907 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई जारी है। एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के लिए लोग दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि एलपीजी या अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

गैस सिलेंडरों की आपूर्ति निर्धारित प्रक्रिया के तहत तय अंतराल पर होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जा रही है। साथ ही 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति प्रवासी मजदूरों के बीच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वैवाहिक आयोजनों के लिए वाणिज्यिक गैस आपूर्ति को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कैटरर्स और रसोइयों को पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। वहीं, जिस परिवार में शादी का आयोजन है, उन्हें शादी का कार्ड संलग्न कर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसमें आवश्यक सिलेंडरों की संख्या और संभावित मेहमानों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आकलन के बाद संबंधित तेल कंपनियों को निर्देशित किया जाएगा कि मांग और उपलब्धता के अनुसार विवाह कार्यक्रम के दिन वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर

### संजय दयाल बने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**डुमरांव ।** भारतीय जनता पार्टी के वाणिज्य प्रकोष्ठ में संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल करते हुए संजय दयाल को जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर पार्टी से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में वाणिज्य प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, जिला प्रवक्ता शक्ति राय, सोनू राय, चुनमुन वर्मा, दीपक यादव, दयाशंकर तिवारी, अशोक तिवारी, रामनारायण शर्मा, नंदलाल पंडित और संतोष दुबे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजय दयाल संगठन के प्रति समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। उम्मीद जताया गया है कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। उनके मनोनयन से पार्टी को नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### गश्ती के दौरान पुलिस की सख्ती भाग रहे तस्कर को दौड़ाकर पकड़ा

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता के चलते अवैध शराब कारोबार पर एक और चोट की गई है। सोमवार को गश्ती के दौरान कोपवां गांव के समीप एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, जो पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगा। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने उसे खदेड़कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के झोले से करीब ढाई लीटर देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान कोपवां गांव निवासी बलिराम कानू के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी शराब की अवैध बिक्री से जुड़ा हुआ है और क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। साथ ही, संबंधित धाराओं में कागजी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मारपीट मामले के तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर ।** सोनवर्षा थाना क्षेत्र में फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में महुअरी गांव में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें मारपीट मामले के तीन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवजी यादव, बिनोद यादव और झपसी उर्फ रामाधार यादव के रूप में हुई है। ये सभी पूर्व में दर्ज मारपीट के एक मामले में वांछित थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तीनों आरोपी गांव में ही छिपे हुए हैं और बाहर निकलने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महुअरी गांव में घेराबंदी कर छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से आरोपियों को संभलने का मौका नहीं मिला और तीनों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# आशा भोंसले के निधन से संगीत जगत को अपूरणीय क्षति : डॉ. मनोज



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने महान एवं सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोंसले का निधन भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। डॉ. पांडे ने कहा कि आशा भोंसले ने अपनी मधुर, बहुमुखी और अद्वितीय आवाज के माध्यम से न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संगीत को नई पहचान दिलाई। उनकी गायकी में शास्त्रीयता, आधुनिकता और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता था, जिसने हर पीढ़ी के श्रोताओं को प्रभावित किया।

उन्होंने आगे कहा कि आशा भोंसले ने हजारों गीतों के जरिए संगीत प्रेमियों के जीवन को समृद्ध किया। फिल्मी गीतों के साथ-साथ गजल, भजन, पॉप और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में उनकी प्रस्तुति ने उन्हें एक बहुआयामी कलाकार के रूप में स्थापित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

डॉ. पांडे ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की नई पारी पर दी बधाई



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी शिक्षाविद एवं समाजसेवी तिलकधारी पांडेय ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें राज्यसभा में नई पारी की शुरूआत करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा हार्दिक बधाई दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए राज्य के विकास, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।

तिलकधारी पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुए हैं। विद्यालयों की आधारभूत संरचना, शिक्षकों की नियुक्ति तथा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव समाज पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा में नई जिम्मेदारी के साथ मुख्यमंत्री राज्य और देश के विकास में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह मुलाकात महज एक औपचारिक शिष्टाचार भेंट नहीं थी, बल्कि राज्य के विकास के प्रति मुख्यमंत्री के प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करने का एक अवसर भी रहा। इस दौरान शिक्षा के विस्तार, गुणवत्ता में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

तिलकधारी पांडेय ने कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और सरकार की पहल से आने वाले समय में बिहार शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।




# मनमानी पर लगाम : निजी स्कूलों की फीस और यूनिफॉर्म नीति पर प्रशासन का कड़ा रुख

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के निजी विद्यालयों में बढ़ती मनमानी और अभिभावकों पर आर्थिक दबाव को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संदीप रंजन ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नामांकन और पुनः नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमित वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हाल के दिनों में अभिभावकों द्वारा शिकायत मिली थी कि कई निजी स्कूल ड्रेस, किताब, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क और अन्य मदों के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ स्कूलों ने यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने के लिए विशेष दुकानों को तय कर रखा है, जहां से खरीदारी के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जाता है। इस कारण उन्हें अधिक कीमत




चुकानी पड़ रही है।

इन शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया है। डीईओ ने बताया कि राज्य सरकार के नियमों के अनुसार शुल्क निर्धारण के लिए एक समिति गठित है, जिसकी अनुमति के बिना कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकता। सभी निजी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी फीस, यूनिफॉर्म और किताबों की सूची 15 अप्रैल तक अपनी वेबसाइट और सूचना पट्ट पर सार्वजनिक करें।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से खरीदारी करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। वे अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी सामान खरीद सकते हैं। स्कूलों को हर वर्ष यूनिफॉर्म बदलने से भी रोका गया है, ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

डीईओ ने एनसीईआरटी की पुस्तकों को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जिसमें मान्यता रद्द करने तक का प्रावधान शामिल है। वहीं, सभी बीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों के निजी स्कूलों की रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।






# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान, सिमरी मंडल में हुआ आयोजन



**केटी न्यूज/सिमरी**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत सिमरी मंडल में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष श्रीभगवान सिंह त्यागी की अध्यक्षता में पड़री पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद राष्ट्रीय गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व के गायन के साथ औपचारिक शुभारंभ हुआ। सभी सत्र अधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए प्रशिक्षण के सातों विषयों पर अलग-अलग सत्रों में विस्तार से चर्चा की गई।

प्रथम सत्र में सोशल मीडिया विषय पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने वर्ग अधिकारी अशोक लाल के निर्देशन में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य शेषनाथ पाठक ने वर्ग अधिकारी नागेंद्र यादव के निर्देशन में विचार रखे। तृतीय सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य ललन राय ने वर्ग अधिकारी दयाशंकर राय के मार्गदर्शन में प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में वरिष्ठ नेता बलराम पांडे ने कार्य विस्तार एवं संगठन की दृष्टि पर वर्ग अधिकारी राजू खरवार के निर्देशन में संबोधित किया।

भोजनावकाश के बाद पंचम सत्र में सरकार की उपलब्धियों पर किसान लक्ष्मण पांडे ने अनु तिवारी के निर्देशन में जानकारी दी। छठे सत्र में कार्य पद्धति पर विनोद पांडे ने वर्ग अधिकारी उषा पासवान के निर्देशन में विचार साझा किए। वहीं अंतिम सत्र में बूथ प्रबंधन विषय पर विधानसभा सहसंयोजक जितेंद्र दुबे ने वर्ग अधिकारी श्याम नारायण मिश्रा के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किए। कार्यक्रम में संगठन सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकताओं के कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया।

# सोशल मीडिया बना सहारा, आसनसोल से सकुशल मिला लापता किशोर

**नावानगर।** बासुदेवा थाना क्षेत्र के पवरपुर गांव से लापता 12 वर्षीय किशोर को पुलिस ने आसनसोल से सकुशल बरामद कर लिया है। इस घटना में सोशल मीडिया की अहम भूमिका सामने आई है, जिसके जरिए बच्चे तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली। जानकारी के अनुसार पवरपुर गांव निवासी अखिलेश पासवान का पुत्र प्रियांशु कुमार 5 अप्रैल को घर से निकला और डुमरांव पहुंच गया। वहां से वह ट्रेन पकड़कर आसनसोल चला गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ी और पिता ने बासुदेवा थाना में उसके लापता होने का आवेदन दिया। इसी बीच सोशल मीडिया पर प्रसारित सूचना को देखकर आसनसोल पुलिस सतर्क हुई और किशोर को बरामद कर लिया। इसके बाद आसनसोल पुलिस ने इसकी सूचना बासुदेवा थाना को दी। समन्वय के बाद पुलिस टीम ने किशोर को सकुशल वापस लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों पर विशेष नजर रखें ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## राजस्व से जुड़े सबसे अधिक आवेदन, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

# जन सुनवाई में डीएम साहिला ने सुनीं 30 फरियादें, त्वरित समाधान का भरोसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर चलाए जा रहे प्रयासों के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की सात निश्चय-03 योजना के अंतर्गत संचालित ह्लसबका सम्मान-जीवन आसानह्व अभियान का हिस्सा है, जिसमें आम नागरिकों को सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है।




जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगों से संबंधित कुल 30 आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में सर्वाधिक 20 मामले राजस्व विभाग से जुड़े थे, जबकि 7 आवेदन विकास कार्यों से संबंधित तथा 3 अन्य विभागों से जुड़े पाए गए।

जिलाधिकारी साहिला ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी मामलों में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदन का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शी और न्यायोचित तरीके से किया जाएगा।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जन शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को राहत पहुंचाना है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। जन सुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त मंच मिल रहा है। इससे न केवल शिकायतों के समाधान में तेजी आई है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

जिला प्रशासन बक्सर ने पुनः दोहराया कि जन सहभागिता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए प्रशासन लगातार प्रतिबद्ध है और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

# रफ्तार का कहर : चौसा-बक्सर मार्ग पर कार की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर, चालक फरार

- **यादव मोड़-बारा मोड़ के बीच हादसा, पैर में फ्रैक्चर, बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर**



**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां रविवार की देर रात एक तेज गति कार ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

घायल की पहचान चौसा नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर निवासी 34 वर्षीय मो. एजाज के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एजाज रेलवे में निजी स्तर पर कार्य करता है और रोज की तरह रविवार को भी अपनी ड्यूटी समाप्त कर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह यादव मोड़ और बारा मोड़ के बीच पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि एजाज सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और बिना समय गंवाए घायल को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया।

सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बताया कि घायल के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए उसे तत्काल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उधर, स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

मामले में अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिल चुकी है। घायल को बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है और फरार कार चालक की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को पकड़ने का दावा किया है।

# अतिमी में श्री राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से गूंजा भक्तिमय माहौल, कथा सुनने उमड़ी भीड़




**केटी न्यूज। नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के अतिमी गांव में विगत 8 अप्रैल से श्री राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्री गोपाल महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन निर्धारित समय पर आचार्य एवं विद्वान पंडितों द्वारा विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से 8 बजे तक अयोध्या धाम की प्रसिद्ध कथावाचिका सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे श्रद्धालुओं को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रही हैं। कथा सुनने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। समय के साथ श्रोताओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आयोजन स्थल पर विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है। पांचवें दिन रविवार को कथावाचिका ने कथा का विस्तार करते हुए मानव जीवन में मन की शुद्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि केवल शरीर का स्नान ही नहीं, बल्कि मन का शुद्ध होना अधिक आवश्यक है। यदि व्यक्ति का मन पवित्र, शांत और सकारात्मक रहेगा तो उसका जीवन स्वतः ही सुंदर और उज्ज्वल बन जाएगा। क्रोध, मद और लोभ जैसे विकारों से दूर रहकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। उनके प्रवचन से श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन जीने की प्रेरणा मिल रही है। महायज्ञ स्थल पर भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है, जहां विभिन्न प्रकार की दुकानों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए झूला, चरखी और जंपिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।यह महायज्ञ अखिल भारतीय जगतगुरु निम्बाकार्चार्य के कृपापात्र शिष्य श्री दीनदयाल दास उर्फ बालक दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

# ग्रामीणों को राहत : सरेंजा में मुफ्त नेत्र जांच शिविर, 51 लोगों की हुई जांच



- **स्वास्थ्य विभाग की पहल से लोगों को मिला परामर्श, गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर**

**केटी न्यूज/चौसा**

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की ओर से सरेंजा खेल मैदान के पास एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 51 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली।

शिविर का मुख्य उद्देश्य गांवों में रहने वाले लोगों को आंखों से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर उचित चिकित्सा सलाह उपलब्ध कराना था। जांच के दौरान मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच की गई और उनकी समस्याओं के अनुसार उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। कई लोगों को सामान्य समस्याओं के लिए दवाइयों और सावधानियों की जानकारी दी गई, जबकि जिन मरीजों में गंभीर समस्या के संकेत मिले, उन्हें आगे के उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करने की सलाह दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने शिविर के दौरान लोगों को आंखों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। उन्हें नियमित रूप से आंखों की जांच कराने, साफ-सफाई बनाए रखने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों को आंखों के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में ऑप्टोमेट्रिस्ट सीमा चौहान और नेहा यादव के साथ टेक्नीशियन चन्दन कुमार एवं बिट्टू तिवारी की अहम भूमिका रही। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने मिलकर शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया।

## एक नजर

### एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद का बक्सर आगमन, प्रेसवार्ता में जीत का जताया भरोसा



**बक्सर।** स्थानीय निकाय उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद के उम्मीदवार घोषित होने के बाद पहली बार बक्सर आगमन पर स्थानीय अंबेस्डर होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की, जिसमें एनडीए के विभिन्न घटक दलों के जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर निवर्तमान विधान पार्षद राधा चरण सेठ, विंध्याचल कुशवाहा (रालोमो), राजकुमार शर्मा (जदयू), बलराम कुशवाहा (हम), अखिलेश कुमार सिंह (लोजपा) सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया और कहा कि कन्हैया प्रसाद को उम्मीदवार बनाकर उन्होंने क्षेत्र के विकास को गति देने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों एवं विकास कार्यों से जनता संतुष्ट है, जिसका लाभ उपचुनाव में एनडीए को अवश्य मिलेगा। वहीं अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कन्हैया प्रसाद को प्रत्याशी बनाना विकास की निरंतरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे और जनता का समर्थन प्राप्त करेंगे। निवर्तमान विधान पार्षद राधा चरण सेठ ने भी कन्हैया प्रसाद की जीत को लेकर विश्वास व्यक्त किया और कहा कि उनके परिवार का क्षेत्र से पुराना जुड़ाव रहा है, जिसका लाभ उन्हें अवश्य मिलेगा। प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जनता की सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, गली, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों से प्रभावित होकर क्षेत्र की जनता उन्हें समर्थन देगी। कन्हैया प्रसाद ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को अपनी समस्या मानकर समाधान करेंगे। प्रेसवार्ता के अंत में उपस्थित कार्यकताओं और नेताओं ने एक स्वर में ह्लएनडीए गठबंधन जिंदाबादह्व के नारे लगाए और चुनाव में जीत का विश्वास व्यक्त किया।

# खरमास खत्म, शादी-ब्याह की शहनाइयों की वापसी तय-20 अप्रैल से सजेंगे

- **अधिक मास के कारण 17 मई से फिर लगेगा ब्रेक, बाजार में लौटी रौनक; व्यापारियों को सीजन से बड़ी उम्मीद**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लगभग एक महीने की ठहराव के बाद अब शादी-विवाह और मांगलिक कार्यों की रफ्तार फिर से तेज होने जा रही है। 14 अप्रैल को सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, जिससे शुभ कार्यों पर लगी रोक हटेगी। हालांकि विवाह के लिए अनुकूल मुहूर्त 20 अप्रैल से शुरू होंगे, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 14 अप्रैल की सुबह सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास का समापन होगा। पिछले एक महीने से विवाह, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्य पूरी तरह बंद थे, जिससे लोगों को इंतजार करना पड़ रहा था। अब इस अवधि के खत्म होने से लोगों में उत्साह का माहौल है और शादी की तैयारियां तेज हो गई हैं। अप्रैल और मई में विवाह के लिए कई शुभ तिथियां उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को अपनी सुविधा के अनुसार कार्यक्रम तय करने का मौका मिलेगा। लेकिन यह सिलसिला ज्यादा दिनों तक लगातार नहीं चलेगा। 17 मई से 15 जून तक अधिक मास लगने के कारण एक बार फिर विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद 19 जून से पुनः शुभ मुहूर्त शुरू होंगे, जिससे जून और जुलाई में शादी के आयोजन जोर पकड़ेंगे।



इधर, खरमास समाप्ति की खबर के साथ ही स्थानीय बाजारों में भी रौनक लौटने लगी है। बीते एक महीने से सुस्त पड़े बाजारों में अब ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। कपड़ा, आभूषण, फर्नीचर और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारी शुरू हो चुकी है। व्यापारियों का कहना है कि 20 अप्रैल के बाद बाजार पूरी तरह से गति पकड़ लेगा और इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। शादी से जुड़े अन्य व्यवसायों में भी हलचल तेज हो गई है। टेंट हाउस, बैंड-बाजा, हलवाई और सजावट से जुड़े लोगों को बुकिंग मिलने लगी है। इन व्यवसायों से जुड़े लोगों का मानना है कि विवाह सीजन उनके लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, जिससे उनकी आय में बड़ा इजाफा होता है।

### प्रमुख विवाह मुहूर्त

**अप्रैल :** 20, 21, 25, 27, 28, 29, 30
**मई :** 1, 3, 5, 6, 7, 11, 12, 14
**जून :** 19, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 29, 30
**जुलाई :** 1, 5, 6, 7, 11

### 14 अप्रैल को सतुआन का पर्व भी

खरमास समाप्ति के साथ 14 अप्रैल को सतुआन का पर्व भी मनाया जाएगा। यह पर्व नए सत्र और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन सत्तू, गुड़ और आम के पत्तों से पूजा-अर्चना की जाती है। खासकर ग्रामीण और किसान परिवारों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहता है, क्योंकि यह नए कृषि चक्र की शुरूआत का संकेत भी देता है।

# मैट्रिक व इंटर परीक्षा में अव्वल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**केटी न्यूज/भोजपुर**

कोईलवर प्रखंड के उच्च माध्यमिक सह मध्य विद्यालय चंदा काजीचक में मैट्रिक व इंटरमीडिएट वार्षिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित, जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर, मानवेन्द्र कुमार राय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर दीक्षांत समारोह का विधिवत उद्घाटन व विद्यालय स्मारिका धरोहर का लोकार्पण किया गया। अवसर पर डीपीओ, स्थापना, भोजपुर,रमेश कुमार पाल, डीपीओ समग्र शिक्षा भोजपुर,चंदन प्रभाकर एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कोईलवर,जय प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम का संचालन,सेवानिवृत्त शिक्षक,राजाराम सिंह,शिक्षक,मनोज कुमार सिंह एवं शिक्षिका,अर्चना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका,आंचल गोस्वामी एवं शिक्षक मिन्टू कुमार के कुशल संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान..पढ़-लिख बबुआ, कलमिये में जान बा सहित विभिन्न गीत- संगीत की प्रस्तुति हुई जिसकी भरपूर सराहना की गई। उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा की प्रधानाध्यापिका, श्वेता व मध्य विद्यालय काजीचक के प्रधानाध्यापक, डॉ. दया शंकर प्रसाद के द्वारा आगत अतिथियों का फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर, मानवेन्द्र कुमार राय ने एक कहानी के माध्यम से बच्चों को संदेश दिया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करते रहने की जरुरत होती है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, भोजपुर, रमेश कुमार पाल ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं के परिश्रम और बच्चों में अनुशासन का ही प्रतिफल है कि यह विद्यालय उतरोत्तर बेहतर करते रहा है। बिहार मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में अकांशु कुमार 468 अंक के साथ सुष्मिता, खुशी, कुश कुमार, तो वहीं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अमन कुमार, 404 अंक के साथ-साथ अंशु, सुहानी और चांदनी कुमारी राय ने विद्यालय में अपना परचम लहराया है। बोर्ड परीक्षा में सभी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर के हाथों स्मृति चिह्न, दीक्षित पगड़ी और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चंदा पंचायत के मुखिया,शिव शंकर राम, सरपंच, ब्रज किशोर, मुन्नी खातून,सेवानिवृत्त शिक्षक, लालदेव वर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, सुजीत कुमार, नरोत्तम सिंह, रंजु नारायण सिंह, दीपशिखा राय, रीना कुमारी, नेहा कुमारी, कुमारी सुधा तिवारी, नेहा कुमारी, उषा कुमारी, प्रदीप कुमार, इंद्रजीत कुमार, कामरान खान, शहबाज हुसैन, चंदन कुमार, धनंजय कुमार पांडेय सहित सैकड़ों अभिभावकों व छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग का कारनामा : एक थर्मामीटर खरीदने के लिए 1.33 करोड़ का निकाला टेंडर




**एजेंसी। पटना**

बिहार में स्वास्थ्य विभाग का कारनामा सामने आया है। इस कारनामे के बारे में जानेंगे तो आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल स्वास्थ्य विभाग ने एक थर्मामीटर खरीदने के लिए एक करोड़ 33 लाख 78 हजार 461 रुपये का टेंडर निकाल दिया।स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता और लचर व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेंडर व्यापक गड़बड़ी का मामला सामने आया है। विभाग ने एक थर्मामीटर खरीदने का 01 करोड़ 33 लाख 78 हजार 461 रुपये का टेंडर निकाल दिया। टेंडर की पूरी प्रक्रिया कर बीते 09 अप्रैल 2026 को हिमानी फार्मा को सप्लाई देने का वर्क आर्डर देने की बात सामने आ रही है। सबसे हैरत वाली बात है कि यह पूरी प्रक्रिया जैम पोर्टल से किया गया। जिस जैम पोर्टल को टेंडर प्रक्रिया और रेट में पारदर्शिता लाने के लिए लागू किया गया उसे भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मी से लेकर टेंडर डालने वाली विभिन्न कंपनी चकमा दे रहे हैं। दरअसल जनवरी माह में यह टेंडर सिविल सर्जन सहरसा कार्यालय के माध्यम से निकला। इसमें 31 जनवरी 2026 को बिड बंद होने की तारीख तय कर 31 जनवरी को खुलने का समय निर्धारित किया गया। इसका बिड संख्या जैम/2026/बी/7133177 है। एक थर्मामीटर निकालने वाले सिविल सर्जन कार्यालय के रिपोर्टिंग अधिकारी धर्मेंद्र कुमार हैं जो स्टोर इंचार्ज हैं। टेंडर निकालने के बाद कई जैम पोर्टल पर रजिस्टर्ड कई कंपनी के द्वारा टेंडर डाला गया। इसमें से कुछ कंपनी को दस्तावेज में छांट दिया गया। इसके बाद तीन कंपनी टेंडर में अंतिम तक डटे रहे। इसमें एल वन वाली कंपनी हिमानी फार्मा को 01 करोड़ 33 लाख 78 हजार 461 रुपये का टेंडर दे दिया गया। वहीं दूसरी एल टू में रहने वाली कंपनी शुभ लक्ष्मी इंटरप्राइजेज 01 करोड़ 34 लाख 40 हजार 278 रुपये का रहा। वहीं तीसरी कंपनी दैविक इंटरप्राइजेज एल थ्री में रहा जो 01 करोड़ 34 लाख 71 हजार 539 रुपये का एक थर्मामीटर सप्लाई के लिए टेंडर डाला था। वहीं प्राप्त जानकारी के मुताबिक एल वन में सबसे कम राशि का टेंडर डालने वाले हिमानी फार्मा को स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्क आर्डर दे दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक थर्मामीटर खरीदारी के लिए एक करोड़ से अधिक राशि का टेंडर निकालने का मामला सामने आने के बाद यह चर्चा फिर एक बार जोर पकड़ लिया है कि सरकारी विभाग में सांठगांठ पर ही टेंडर होता है। विभाग के अधिकारी और कर्मी एजेंसी के साथ मिलकर ऐसे कारनामे को अंजाम देते हैं। एक थर्मामीटर अधिक से अधिक तीन-चार हजार रुपये तक सबसे अच्छा क्वालिटी का हो जाएगा। वहीं अगर टाइपिंग गड़बड़ी ही कहा जाए तो अगर 100 थर्मामीटर ही खरीदा जाएगा तो बहुत बेहतर कंपनी और क्वालिटी का 50 हजार तक में हो जाएगा।

## क्या कहते हैं सिविल सर्जन?

सिविल सर्जन डॉ. राजनारायण प्रसाद कि माने तो थर्मामीटर खरीदने का टेंडर निकाला गया था। मामले में प्रमंडल आयुक्त द्वारा जांच की गई है। टेंडर को रद कर दिया गया है। इस टेंडर निकालने की अधिक जानकारी स्टोर इंचार्ज धर्मेंद्र दे सकते हैं।

## क्या कहते हैं डीपीएम?

डीपीएम विनय रंजन कि माने तो थर्मामीटर खरीदारी संबंधित टेंडर की पूरी प्रक्रिया सिविल सर्जन कार्यालय से किया गया है। इसमें जिला स्वास्थ्य समिति की कोई भूमिका नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यह टेंडर घपला-घोटाला के नियत से ही किया गया। इसका मूल कारण है कि स्वास्थ्य विभाग का राशि खर्च नहीं होने पर विभाग में वापस लौट जाती। इसे देखते हुए अधिकारी और कर्मी ने सांठगांठ कर इसका टेंडर निकाला ताकि राशि वापस नहीं हो और गुपचुप तरीके से उस राशि का बंदरबांट किया जा सके।

# कुलपति ने सकारात्मक दृष्टिकोण के वृद्धावस्था पुस्तक का किया लोकार्पण




**केटी न्यूज/आरा**

वृद्धावस्था जीवन का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण चरण है। जिसे अक्सर लोग नकारात्मक दृष्टि से देखते हैं,जबकि यह अनुभव,आत्मचिंतन और संतोष का समय होता है। इसी सोच को केंद्र में रखकर लिखी गई पुस्तक एम्ब्रेसिंग एजिंग, ए पॉजिटिव पर्सपेक्टिव का लोकार्पण वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने किया। अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह पुस्तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था कोई अभिशाप नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने और बेहतर बनाने का अवसर है। सकारात्मक सोच व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और हर परिस्थिति में आशा बनाए रखने की प्रेरणा देती है। पुस्तक की संपादक विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. लतिका वर्मा हैं, जबकि सह-संपादक के रूप में डॉ. वाचस्पति दूबे और डॉ. कुमारी प्रीतिका ने योगदान दिया है। प्रो. लतिका वर्मा ने कहा कि वृद्धावस्था अधूरे सपनों को पूरा करने और अपने शौक को पुनर्जीवित करने का उपयुक्त समय है। उन्होंने बताया कि इस अवस्था

में आर्थिक सुरक्षा,शारीरिक सक्रियता,मानसिक सुदृढ़ता और भावनात्मक संतुलन अत्यंत आवश्यक हैं। नियमित व्यायाम,संतुलित आहार,सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव व्यक्ति को स्वस्थ एवं प्रसन्न बनाए रखते हैं। परिवार और समाज का सहयोग इस जीवन यात्रा को और अधिक सुखद बनाता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था सेवानिवृत्ति नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण का समय है।

# राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में छात्रों विदाई समारोह का आयोजन



**केटी न्यूज/नवादा**

अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में वर्ग 8 के सभी छात्र-छात्राओं को भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार पांडे के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम की शुरूआत रजौली विधान सभा विधायक विमल राजवंशी व प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वही विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अंगवस्त्र देकर कमल बुके,फूलों की माला पहनकर सह - सम्मानित किया गया। वही विद्यालय के बालिका छात्राएं द्वारा स्वागत गीत व राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया,मंच का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार पांडे ने की।वही मौके पर फूलों की माला पहनकर पत्रकार व वरीय शिक्षक को सम्मानित किया गया वहीं मौके पर मौजूद वरीय रिटायर्ड प्रधानाध्यापक बालकृष्ण प्रसाद यादव शिक्षक पुष्कर कुमार,सुनील कुमार निराला,सुबोध सिंह,सुभाष चंद्र ,सुबोध कुमार,उपेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक,रसोईया छात्राएं सभी शिक्षक व शिक्षिका ने सम्मान सह विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 8 से नवमी कक्षा में जाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अवसर पर प्रधानाध्यापक ने संबोधन के कहा कि वर्ग 8 से आगे के छात्र जिन्हें अध्ययन के क्रम में आर्थिक सामाजिक या शैक्षणिक स्तर से किसी तरह की भी असुविधा यदि होती है तो निसंकोच विद्यालय प्रधानाध्यापक से संपर्क करें हर संभव उनके जीवन को संवारने में मैं साथ खड़ा रहूंगा। प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार पांडे ने शिक्षक एवं सहकर्मियों सम्मानित किया। मौके पर छात्र-छात्राओं को जलपान एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की सभी ने कामना करते हुए विदाई समारोह कार्यक्रम का समापन किया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में हाईवा ट्रक से बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत



**रोहतास।** सोमवार को बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग स्थित बरना गांव के समीप सुबह करीब 10 बजे सड़क हादसा में एक हाईवा ट्रक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जिस घटना की खबर मिलते ही उसके परिवार मातम छा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नो एंट्री समय खत्म होने के कारक तेज रफ्तार बालू लदे हाईवा ट्रक भाग रहा था कि इसी क्रम में बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिस घटना में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान नासरीगंज थाना क्षेत्र के छोटका बाराडीह गांव निवासी स्व. इस्लाम अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र अदुद अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है वह दवा लेकर बिक्रमगंज से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार रौंदते हुए निकल गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख ट्रक चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जब्त ट्रक के नंबर के आधार पर फरार आरोपी चालक और खलासी की गिरफ्तारी में जुट गई है। वही घटना की खबर मिलते ही उसके पूरे परिजन घटनास्थल पर पहुंच शव को देखते ही सदमे में डूब गया। जबकि मृतक अपने पीछे 25 वर्षीय पत्नी रौशनी खातून, 5 वर्षीय बेटी आफरीन खातून और 3 वर्षीय बेटा मो.रेयाज को छोड़ गया है। बताया जाता है कि अदुद अंसारी गांव में ही किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, घटना इसकी जानकारी थानाध्यक्ष ललन कुमार ने दी। लोगों ने बताया कि यदि नो एंट्री समय के बाद प्रशासन सक्रिय होता तो यह घटना नहीं होती।

### दलित गरीब प्रचाधारियों का 20वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**तरारी।** तरारी प्रखण्ड के दलित गरीब प्रचाधारियों का अनिश्चितकालीन धरना के 20 वें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता विधाचल पासवान और संचालन माले नेता सतेंद्र सिंह ने किया . भाकपा माले प्रखंड सचिव उपेन्द्र भारती ने कहा कि प्रशासन और गरीब विरोधी नीति के कारण यह आंदोलन इतना दिन से चल रहा है। जिन लोगो ने वोट देकर अपना विधायक बनाया आज वही विधायक गरीबों का जमीन छीन रहे है पुरा प्रशासन विधायक को बचाने में लगी है,आगे उन्होंने कहा कि जब तक लिखित समुचित समाधान नहीं किया जाएगा तथा दोषियों पर करवाई नहीं होगा तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। भाकपा माले के द्वारा धरना के समर्थन में जिलाव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत तरारी में मार्च निकालकर तरारी विधायक विशाल प्रशांत का पुतला फुका गया। धरना में माले नेता दूधनाथ पासवान,दिनेश राम,रामदयाल पंडित,सतेंद्र सिंह,रितेश कुमार,सुरेंद्र राम,धनामुनी देवी , ललिता देवी,अनिल यादव, विश्वनाथ महतो सहीत सैकड़ो का शामिल थे।

### शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन को लेकर चलाया गया अभियान

**पीरो ।** शत-प्रतिशत बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेशोत्सव के तहत नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को विशेष निर्देश जारी किए गए है। जारी निर्देश में विद्यालय प्रधान व शिक्षकों को अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को अनामांकित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित करने, निजी विद्यालय में पढने वाले बच्चों के अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में पठन-पाठन की बेहतर स्थिति व छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराने, पहले से नामांकित बच्चों के अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चे को विद्यालय भेजने का अनुरोध करने, विद्यालय में ब्लैक बोर्ड, पंखे, बल्व, शौचालय व परिसर को साफ-सूथरा रखने, 20 अप्रैल तक शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का निर्धारित यूनिफार्म, जूते-मोजे व परिचय-पत्र के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। अभियान को प्रभावकारी व सफल बनाने के लिए प्रेरक स्लोगन व अभियान गीत की मदद ली जा रही है। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय महुअरी के शिक्षकों की टीम ने प्रधान शिक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में उतम कुमार, ज्योति कुमारी आदि शिक्षकों ने पोषक क्षेत्र के सभी टोलों में घर-घर जाकर अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने की अपील की। प्रखंड अंतर्गत अन्य विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों में पिछले एक पखवारे से नामांकन अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रधानाध्यापक ने बच्चों से साफ करवाया विद्यालय का शौचालय, ग्रामीणों में आक्रोश



**केटी न्यूज/नवादा**

प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौढी कला में बच्चों से शौचालय साफ कराने के आरोप को लेकर सोमवार को ग्रामीणों और अभिभावकों में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ जमकर विरोध जताया और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की। ग्रामीणों व अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र यादव द्वारा लंबे समय से मनमानी की जा रही है। उनका कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से शौचालय साफ करवाने के साथ-साथ झाड़ू-पोछा जैसे काम भी कराए जाते हैं, जो शिक्षा विभाग के नियमों और शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) का उल्लंघन है। नियमों के अनुसार छात्रों से किसी भी प्रकार का श्रम कार्य करवाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।ग्रामीण अमन कुमार, सन्नी कुमार, आरती देवी, कांति देवी, निक्को देवी समेत वार्ड सदस्य और अन्य लोगों ने बताया कि वर्ष 2014 से ही विद्यालय में अनियमितताएं जारी हैं। कई बार स्थानीय स्तर से लेकर विभागीय अधिकारियों तक शिकायत की गई। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत निर्धारित मेन्यू का पालन नहीं किया जाता है। साथ ही पेयजल की समुचित व्यवस्था भी नहीं है, जबकि विद्यालय परिसर में शौचालय और बाथरूम बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी कोई अभिभावक शिकायत करता है तो प्रधानाध्यापक द्वारा पुलिस बुला ली जाती है और अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे लोगों में भय का माहौल है।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# कार्रवाई : अवैध कोयला लदे 20 ट्रकों को जीएसटी डिप्टी कमिश्नर ने किया जब्त

## वैध कागजातों के बिना बिहार सीमा में प्रवेश कर रहे बीस ट्रक



**केटी न्यूज/नवादा**

थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित बिहार झारखंड सीमावर्ती समेकित जांच चौकी पर पटना से आए जीएसटी विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा चलाए गए 17 घंटे के विशेष जांच अभियान में 20 ट्रक को जप्त किया है जिसमें अधिकांश ट्रक में कोयला लोड है अन्य में लोहा सहित अन्य सामग्री लोड है। इस छापेमारी के बाद रजौली समेकित जांच चौकी पर से अवैध तरीके से गुजरने वाले ट्रक चालक और उसके मालिकों में दहशत बना हुआ है प्राप्त जानकारी अनुसार बिहार सीमा में बिना वैध कागजात के प्रवेश कर रहे कोयला लदे 20 ट्रकों को जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर रवीश कुमार व जिला पुलिस की टीम ने पकड़कर कर नवादा जिले के अधिकारियों को सौंप दिया। जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर रवीश कुमार ने बताया कि शनिवार रात वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत समेकित जांच चौकी के पास झारखंड की ओर से आ रहे ट्रकों को जांच के लिए रोका। जांच में ट्रकों में कोयला लदा मिला। कागजात की जांच के बाद ट्रकों को जब्त कर समेकित जांच चौकी के पार्किंग में लगाया गया है और नवादा के वरीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि इन दिनों धनबाद से झारखंड होते हुए सीमावर्ती इलाकों में कोयला लदे ट्रकों का आवागमन अहले सुबह से देर रात तक जारी है। कभी-कभार अधिकारियों की जांच में कुछ ट्रक जब्त कर जुमार्ना लगाया जाता है। वही झारखंड के रास्ते बिहार में अवैध कोयले की तस्करी हो रही है। इस खेल में तस्करों की करोड़ों की कमाई हो रही है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहा है। तस्कर फर्जी कागजात तैयार कर ट्रकों को विभिन्न राज्यों की सीमाओं से बिहार में प्रवेश करा देते हैं। इससे सेल्स टैक्स विभाग को भारी चूना लग रहा है सेल्स टैक्स की टीम की कार्रवाई से इस अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। बिहार सरकार को भी इससे भारी नुकसान हो रहा है इससे दो दिन पहले ही नवादा खनन विभाग की टीम ने भी कार्रवाई करते हुए कोयला लदे पांच ओवरलोड ट्रकों को जब्त किया था। उस कार्रवाई में लगभग 60 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। लगातार हो रही इस तरह की सख्त कार्रवाई से बिहार-झारखंड की सीमा से सटे चेकपोस्टों पर भी हलचल तेज हो गई है। जिसके अवैध तरीके से बिहार सरकार की राजस्व के नुकसान पहुंचाने वाले वाहन मालिकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## बिहार में बालू घाटों की नीलामी पर बड़ा फैसला

# अटकी प्रक्रिया होगी खत्म! निर्माण कार्यों में आएगी जबरदस्त रफ्तार



**एजेंसी। पटना**

बिहार में लंबे समय से अटकी बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया अब तेजी पकड़ती नजर आ रही है। राज्य सरकार ने इस दिशा में सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासनिक और पर्यावरणीय मंजूरी से जुड़ी अड़चनों को दूर करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल राजस्व में बढ़ोतरी होगी, बल्कि राज्य में चल रहे निर्माण कार्यों को भी नई गति मिलेगी। राज्य में कुल 463 बालू घाटों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से अब तक 360 घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष घाट पर्यावरणीय मंजूरी (इंवायरनमेंट क्लियरेंस) और अन्य तकनीकी कारणों से अटके हुए हैं। इन लंबित प्रक्रियाओं के कारण निर्माण क्षेत्र में बालू की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई विकास परियोजनाओं की गति धीमी पड़ गई है। उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भू-तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बालू घाटों की नीलामी में किसी भी प्रकार की देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आदेश दिया है कि पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि लंबित घाटों की नीलामी जल्द पूरी हो सके। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी प्रक्रियाओं में समन्वय की कमी के कारण अनावश्यक देरी हो रही है, जिसे तुरंत दूर करना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि CTE (Consent to Establish) और CTO (Consent to Operate) जैसी अनुमतियों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

### केंद्र सरकार से भी अपील

राज्य सरकार ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी पत्र लिखा है। इसमें अनुरोध किया गया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध किया जाए, ताकि राज्यों को विकास कार्यों में बाधाओं का सामना न करना पड़े। सरकार का मानना है कि यदि केंद्र और राज्य मिलकर प्रक्रिया को आसान बनाते हैं, तो विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सकेगा।

### निर्माण कार्यों को मिलेगा बड़ा लाभ

बालू घाटों की पूरी नीलामी होने के बाद राज्य में बालू की उपलब्धता बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर सड़क, पुल, भवन और अन्य निर्माण परियोजनाओं पर पड़ेगा। निर्माण सामग्री की आपूर्ति सुचारू होने से प्रोजेक्ट्स की गति तेज होगी और लागत में भी संतुलन आने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि बालू की उपलब्धता बढ़ने से बाजार में कीमतें स्थिर होंगी, जिससे आम लोगों और ठेकेदारों दोनों को राहत मिलेगी।

# इस्तीफे से पहले एक्शन में नीतीश : चिलचिलाती धूप में पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने पहुंच गये सारण



**एजेंसी। पटना**

बिहार में एक ओर जहां नई सरकार के गठन की चर्चा और नीतीश कुमार के इस्तीफे की संभावनाओं से राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। वही इन सब बातों से बेखबर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण करने के लिए चिलचिलाती धूप में सारण पहुंच गये। उन्हें देखकर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि नीतीश कुमार कल इस्तीफा देंगे। क्योंकि सारण में चल रहे बाकरपुर-मानिकपुर फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य देखने के लिए इस्तीफा से एक दिन पहले पहुंचे थे। लोगों के बीच इस बात की चर्चा हो रही थी कि कल इस्तीफा देंगे और आज विकास कार्यों का जायजा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ले रहे हैं। इनके जैसा मुख्यमंत्री शायद ही कोई हो जिसे मालूम है कि कल इस्तीफा देना है फिर भी वो इस्तीफे से एक दिन पहले तक काम करते नजर आए। लगातार वो बिहार में चल रहे विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं। बता दें कि कल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है, इस दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक करेंगे। जिसके बाद उनके सीएम पद से इस्तीफा देने की संभावना जताई जा रही है। फिर अगले दिन 15 अप्रैल को बिहार में नया मुख्यमंत्री बीजेपी से बनेगा। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस पर से पर्दा अभी तक नहीं उठ पाया है। लेकिन सम्राट चौधरी के नाम की चर्चा पिछले हफ्तेभर से खूब हो रही है। नीतीश कुमार और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को यह फैसला लेना है। उम्मीद जतायी जा रही है कि 14 अप्रैल को सब कुछ क्लीयर हो जाएगा। जहां लोग नया मुख्यमंत्री बिहार का कौन होगा? इस पर मंथन कर रहे हैं। वही अपने इस्तीफे से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को सारण जिला के विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करने के लिए निकल गये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाकरपुरझ मानिकपुर फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना तथा जेपी सेतु के समानांतर बन रहे नए पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता बनाए रखने और तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसके पूरा होने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वहीं स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि परियोजना पूरी होने से सोनपुर समेत आसपास के इलाकों में आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिला के बकरपुर-मानिकपुर सड़क पर रूककर पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के प्रथम खण्ड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना के बारे में जानकारी देते हुये पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पटना से बेतिया को जोड़नेवाली इस ग्रीनफिल्ड परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इसके प्रथम खण्ड का निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पटना से बेतिया 3 घंटों में आसानी पहुँचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की यह एक प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजना है। इस सड़क के निर्माण से पटना से बेतिया जाना आसान हो जायेगा और कम समय में लोग बेतिया पहुँच सकेंगे।

# सम्राट चौधरी के आवास के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा बिहार में नए मुख्यमंत्री के ऐलान की अटकलें तेज



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा तेज हो गयी है। अब तो 5 देश रत्न मार्ग स्थित सम्राट चौधरी के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। कोई भी व्यक्ति बिना इजाजत के आवास में एंट्री नहीं कर सकता। भारी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गयी है। सम्राट चौधरी के आवास पर सुरक्षा कड़ी करने के बाद एक बार फिर उनके मुख्यमंत्री बनने की चर्चा तेज हो गयी है। अब यह चर्चा होने लगी है कि सम्राच चौधरी ही सीएम बनेंगे इसलिए उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। बता दें कि मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार कल इस्तीफा देंगे। बिहार में नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गयी है। राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा ने आज पटना के जिलाधिकारी, एसएसपी, एसपी, डीएसपी सहित कई अधिकारियों को लोकभवन बुलाया था। इन अधिकारियों के साथ शपथग्रहण समारोह की तैयारियों के लिए बैठक की गयी। बैठक के बाद राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंच गये। इस दौरान करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। जिसके बाद अचानक सम्राट चौधरी के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी। वहां भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार, पहले एक तरफ बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी वही दूसरी ओर जेडीयू विधायक दल की भी बैठक होगी। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल 14 अप्रैल को 3 बजे अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप सकते हैं। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में नये मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगेगी। जिसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। वही अगले दिन 15 अप्रैल को शपथग्रहण समारोह होगा। जिसमें नये सीएम और डिप्टी सीएम पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। एनडीए विधायक दल की बैठक में ही जिन्हें मंत्री बनाया जाएगा उनके नामों पर मुहर लगेगी।

# नशे में ड्राइवर बना मौत का सौदागर! नवादा में स्कूली वैन पलटी, 10 साल की मासूम की मौत, 25 बच्चे घायल

**एजेंसी। पटना**

बिहार के नवादा जिले में सोमवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के हर नारायणपुर गांव के पास बच्चों से भरी एक स्कूली वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में 10 वर्षीय छात्रा आरोही कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से 25 बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त वैन में करीब दो दर्जन बच्चे सवार थे, जो स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और असंतुलित वैन अचानक सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि बच्चों की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वैन का चालक शराब के नशे में धुत था। लोगों का कहना है कि ड्राइवर वाहन को तेज गति से चला रहा था और नशे की




हालत में होने के कारण उसने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसूचना मिलते ही बिहार पुलिस की टीम गोविंदपुर थाना से घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। किसी तरह ड्राइवर को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले जाया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और ड्राइवर के नशे में होने की पुष्टि के लिए मेडिकल जांच कराई जा रही है।इस हादसे में जान गंवाने वाली मासूम आरोही कुमारी दर्शन गांव की रहने वाली थी। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।वहीं, घायल बच्चों को तत्काल स्थानीय अस्पताल और नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में आमिर खान, रोशन कुमार, नैंसी कुमारी, संध्या कुमारी, तन्नू, गौरव, कृष और दीपेश समेत कई बच्चे शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अधिकांश बच्चों को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा और परिवहन विभाग की लापरवाही पर सवाल खड़े करता है।

## एक नजर

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा : 6 गुना अधिक जवानों की तैनाती

**पटना।** भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल ने अचानक सुरक्षा कड़ी कर दी है। सीमा पर तैनात सशस्त्र जवानों की संख्या करीब छह गुना तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही कई स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध भारतीय सामान भी जब्त किया गया है। वही बॉर्डर पर सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। नेपाली अधिकारियों के अनुसार, खुली सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बैतड़ी, कैलाली और कंचनपुर जैसे जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक सीमा चौकी पर लगभग 60 अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। इनमें से 30 जवान हथियारों के साथ सक्रिय ड्यूटी पर हैं, जबकि 30 जवानों को रिजर्व में रखा गया है। पहले जहां एक चौकी पर 12 से 15 जवान तैनात रहते थे, अब वहां बड़ी संख्या में बल की तैनाती की गई है। नेपाल सरकार ने इस फैसले के पीछे अवैध घुसपैठ, तस्करी और मानव तस्करी जैसी गतिविधियों को मुख्य कारण बताया है। सशस्त्र प्रहरी बल के अधिकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए यह कदम जरूरी था। इसी कार्रवाई के तहत नेपाल के बैतड़ी जिले में पुलिस ने करीब 21 लाख नेपाली रुपये मूल्य का अवैध सामान जब्त किया है। इसमें बड़ी मात्रा में चीनी, मिश्री और अन्य किराना सामग्री शामिल है, जिसे भारत से बिना कस्टम प्रक्रिया के लाया जा रहा था। जब्त सामान को महाकाली कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है। नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरुंग और सशस्त्र पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सीमा क्षेत्रों में सख्ती बढ़ाई गई है। आने वाले दिनों में जरूरत के अनुसार और अधिक जवानों की तैनाती की भी संभावना जताई जा रही है।

### राजस्व सेवाएं पटरी पर : 69वीं बीपीएससी बैच के सभी अधिकारी काम पर लौटे




**पटना।** हड़ताली राजस्व अधिकारियों से जुड़ी खबर। बीपीएससी 69वीं बैच के सभी अधिकारी काम पर लौट आए हैं। वही 589 राजस्व अधिकारी अभी कार्यरत हैं। राज्य में राजस्व सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के 589 अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं और बीपीएससी की 69वीं बैच के सभी राजस्व अधिकारी भी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कार्य पर लौट आए हैं। 9 मार्च के बाद से अब तक दाखिलझ्खारिज के 27,448 मामलों का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा परिमार्जन से संबंधित 99,734 मामलों का निपटारा किया गया है, जबकि ई-मापी के 17,354 मामलों का भी निष्पादन किया गया है। आम नागरिकों से जुड़े राजस्व मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सभी अंचल कार्यालयों में कार्य निरंतर जारी है और लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जा रही है।

### छपरा में दर्दनाक सड़क हादसा : अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक

**छपरा।** छपरा जिले के एकमा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, छपराझसीवान एनएच-531 पर माने मठिया के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान रसूलपुर गांव निवासी नितेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल एकमा अस्पताल भेजा।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की पहचान के साथ-साथ पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सुबह-सुबह सनसनी! रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश से हड़कंप, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। सोमवार की सुबह समस्तीपुर जंक्शन के पूर्वी छोर पर रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवती का सिर कटा शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह-सुबह जब स्थानीय लोग ट्रैक के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर इस भयावह दृश्य पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना रेलवे प्रशासन और रेल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रेल पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए, उसने मामले को और भी रहस्यमय बना दिया। युवती का धड़ रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ था, लेकिन उसका सिर मौके से गायब था। इस स्थिति को देखकर पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या कहीं और की गई है और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। घटना के कारण समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर कुछ समय के लिए ट्रेन परिचालन भी बाधित हो गया। ट्रैक पर शव पड़े होने के कारण कई ट्रेनों को रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, बाद

# बिहार में पहली बार भाजपा का सीएम, शपथ ग्रहण में पीएम मोदी भी आएंगे : लोक भवन में हुई चर्चा



**एजेंसी। पटना**

बिहार को 15 अप्रैल को पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपना मुख्यमंत्री देने जार रही है। लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तैयारी चल रही है। बिहार लोकभवन में आज राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा की अध्यक्षता में पटना जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें पटना के प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, एसएसपी, सारे एसपी, एडीएम और एसडीएम शामिल हुए। 15 अप्रैल को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सुबह 11 बजे नए सीएम शपथ लेंगे। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए सारी तैयारी चल रही है। मंगलवार दोपहर तक सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी। पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वह लोक भवन में ही रुकेंगे। लोकभवन में सारी तैयारियां चल रही है। लोकभवन के आसपास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सड़क पर बैरिकेडिंग भी की जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कल कैबिनेट की बैठक खत्म करने के बाद सीएम नीतीश कुमार अपनी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सबकुछ तय कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है।भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल के नेताओं की बैठक होगी। इसमें सभी विधायक भाजपा की ओर से तय किए गए चेहरे पर अपनी स्वीकृति देंगे।

# अगला सीएम कोई भी हो, फोकस गुजरात रहेगा बिहार की राजनीति पर प्रशांत किशोर का तंज

**एजेंसी/पटना**

जनसुराज पार्टी प्रमुख प्रशांत किशोर ने सोमवार को सुपौल जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान ही यह स्पष्ट हो गया था कि नीतीश कुमार अगले पांच वर्षों तक मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें वास्तव में एनडीए के 202 विधायकों का समर्थन प्राप्त नहीं है। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने 10 हजार रुपये के दम पर वोट खरीदे और जीत के लिए चुनाव आयोग का सहयोग लिया। उन्होंने इन बातों को सुपौल जिला मुख्यालय स्थित नितमया होटल में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक के दौरान साझा किया। बैठक के दौरान प्रशांत किशोर ने संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और कार्यकताओं से जमीनी हालात का फीडबैक लिया। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति, टिकट बंटवारे और पिछली हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने एकजुट होकर अगले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाना रहा। बैठक में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अगला मुख्यमंत्री कोई भी हो, उसकी प्राथमिकता बिहार नहीं बल्कि गुजरात होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भावी मुख्यमंत्री के पास वास्तविक शक्ति नहीं होगी और सरकार मोदी-शाह के इशारों पर चलेगी। उन्होंने भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी सवाल उठाए। प्रशांत किशोर ने एनडीए के एक करोड़ रोजगार देने के वादे को चुनावी जुमला बताया और कहा कि इसे पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण के लिए ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है, जो वर्तमान में नहीं दिख रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे जाति, धर्म और सरकारी लाभ के आधार पर वोट देने की प्रवृत्ति पर विचार करें। उनका कहना था कि यदि मतदान का यह तरीका जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में राज्य की स्थिति में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।